हिंदी में पत्र व्यवहार कर देश का गौरव बढ़ाएं"

रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपारेशन लिमिटेड
RURAL ELECTRIFICATION CORPORATION LIMITED
(भारत सरका का उद्यम) (A Government of India Enterprise)

Regd Office: Core-4, SCOPE Complex, 7 Lodi Road New Delhi 110003
Tele. 24365161 Fax 24360644 Email reccorp@recl.nic.in Gram RECTRIC
Website www.recindia.com & www.recindia.nic.in

सं. आरईसी/वित्त/बैंकिंग/2008-09 दिनांक 2.4.09

सभी बैंक

विषय;- आवधिक ऋण - संबंधी

महोदय,

रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लि.(आरईसीएल), जो भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्व का उद्यम है, को नवरत्न दर्जा प्रदान किया गया है। निगम देश भर के राज्य बिजली बोर्डों, राज्य विद्युत यूटिलिटियों और अन्य पात्र एनटिटि की ग्रामीण विद्युतीकरण, विद्युत उत्पादन और वितरण परियोजनाओं का वित्तपोषण करता है। निगम अपनी चालू आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बैंकों से रु. 1000 करोड़ का गैर-जमानती आवधिक ऋण प्राप्त करना चाहता है।

वित्तीय वर्ष 2008-09 के दौरान अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु निगम के वर्ष 2008-09 के दौरान दीर्घावधि ऋण के लिए 13,000 करोड़ और लघु अवधि ऋण के लिए रु. 3000 करोड़ उधार लेने के कार्यक्रम को क्राइसिल द्वारा ट्रिप्पल ए/स्टेबल एंड पी1+, केयर द्वारा केयर एएए एंड पीआर1+, इकरा द्वारा 'एलएएए' एवं ए 1+, फिच द्वारा एएए (इंड) एवं एफ 1+ की उच्चतम रेटिंग दी गई है। चालू वर्ष के दौरान निगम का रु. 30,000 करोड़ तक उधार लेने का कार्यक्रम है। हम 5 वर्ष की अवधि के लिए शुद्ध आवधिक ऋण हेतु आपके प्रस्ताव का आमंत्रण करते हैं: -

राशि	ब्याज दर भुगतान शर्तें	अवधि	जमानत	प्रोसेसिंग और अन्य प्रभार	पूर्व भुगतान
100 करोड़ और इससे अधिक	(उद्धृत करने हेतु)	5 वर्ष का बुलेट भुगतान	स्वच्छ	शून्य	बिना दंड के
		5 वर्ष चौथे वर्ष की समाप्ति पर 50% और पांचवे वर्ष की समाप्ति पर 50% भुगतान के साथ			

शुद्ध आवधिक ऋण के लिए ब्याज दरें और अन्य नियम एवं शर्तें दर्शाते हुए आपके प्रस्ताव अधोहस्ताक्षरी के पास **13 अप्रेल, 2009 तक** पहुंच जाने चहिए।

वर्ष 2007-08 के लिए लेखा परीक्षित वित्तीय परिणाम और वित्तीय वर्ष 2008-09 की चालू तिमाही के वित्तीय परिणाम वेबसाइट **'www.recindia.nic.in'**. पर उपलब्ध हैं।

इस संबंध में किसी प्रकार की जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी को फोन नं. 011-24313978 पर अथवा श्री पी.के.मारवाह, उप प्रबंधक (वित्त) को 011-24365389 फैक्स नं. 24313978/24365998 पर संपर्क करें।

भवदीय,

ह./
(विजय कुमार)
मुख्य प्रबंधक (वित्त)